प्रेस विज्ञप्ति

गांधी नगर, 27 अगस्त, 2019

हाई स्पीड रेल इनोवेशन सेंटर ने हाई स्पीड रेलवे के क्षेत्र में स्वदेशी क्षमताओं को विकसित करने के लिए युवाओं से संवाद किया

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन द्वारा गठित हाई स्पीड रेल इनोवेशन सेंटर ने आज आईआईटी गांधी नगर में एक सेमिनार का आयोजन किया। श्री अचल खरे, एमडी, एनएचएसआरसीएल तथा डॉ. नोरीमची कुमागाई, अध्यक्ष, रेलवे तकनीकी अनुसन्धान संस्थान (आरटीआरआई) जापान ने संस्थान के शोधकर्ताओं, अध्यापकों तथा विद्यार्थियों को सम्बोधित किया और भारत में पहली एचएसआर परियोजना तथा इससे सम्बद्ध तकनीकी पहलुओं के विषय में चर्चा की। इसके पश्चात एक पैनल परिचर्चा हुई जिसमें परामर्शदात्री परिषद के सदस्यों ने युवाओं से बातचीत की और साथ ही आईआईटी, गांधी नगर के विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

अपने सम्बोधन के दौरान एनएचएसआरसीएल के एमडी श्री अचल खरे ने कहा, "भारत पर्याप्त समय से तकनीकी क्षमता का केन्द्र रहा है और युवा भारतीय प्रतिभाएँ नवप्रवर्तित तकनीकी विचारों के साथ उभर रहे हैं। एनएचएसआरसीएल उनके साथ सहयोग करना चाहता है और भारत में हाई स्पीड रेलवे हेतु स्थायी तथा स्वदेशी तकनीकी समाधानों को विकसित करने के लिए उन्हें एक मंच प्रदान करना चाहता है।"

हाई स्पीड रेल इनोवेशन सेंटर ट्रस्ट ग्राहक के पास सन्तुष्टि सुनिश्चित करते हुए रेलवे सुरक्षा, विश्वसनीयता, उत्पादकता, दक्षता तथा स्थायित्व में वृद्धि करने के लिए रेल उद्योग द्वारा उठाये गये मुद्दों को हल करने के लिए लक्षित, प्रयुक्त सहयोगपरक अनुसन्धान उपक्रमित करने के लिए शासनादेश है।

यह ट्रस्ट हाई स्पीड रेलवे के समस्त पहलुओं में पेशेवर विशेषज्ञता विकसित करने के लिए हाई स्पीड रेलवे के प्रासंगिक क्षेत्रों में भारतीय तकनीक क्षमताओं को उन्नत करेगा तथा स्वदेशी क्षमताओं का विकास करेगा ताकि विभिन्न चुनौतियों तथा अवसरों पर भारतीय रेल परिवहन उद्योग को नवप्रवर्तन, स्वदेशी, कम लागत के समाधान, तकनीकी दिशा-निर्देश, रणनीतिक विश्लेषण, परामर्श प्रदान किया जा सके और पर्यावरण-मित्र तथा स्थायी पर्यावरणीय समाधान उपलब्ध कराया जा सके। यह भारत में एचएसआर विशिष्टि मानदण्डों के विकसित करने में भी योगदान देगा।

22 जनवरी, 2019 को पंजीकृत एचएसआर इनोवेशन सेंटर का प्रबन्धन प्रबन्ध निदेशक, एनएचएसआरसीएल की अध्यक्षता में एक न्यास मण्डल द्वारा किया जाता है तथा कार्यपालक परिषद द्वारा इसका समर्थन किया जाता है जिसकी सहायता परामर्शदात्री परिषद द्वारा की जाती है जो इनोवेशन सेंटर द्वारा उपक्रमित की जाने वाली परियोजनाओं की प्रकृति की समीक्षा करती है।

परामर्शदात्री समिति में भारत तथा विदेश के उद्योग, शिक्षा तथा अनुसन्धान से जुड़ी प्रमुख हस्तियाँ जैसे आईआईटी, यूनिवर्सिटी ऑफ टोकियो एवं जेआर ईस्ट शामिल हैं। यह ट्रस्ट वित्त पोषण, अनुसन्धान परियोजनाओं के क्रियान्वयन आदि के लिए सामूहिक उपागम अंगीकार करेगा।

वर्तमान में, इनोवेशन सेंटर ट्रस्ट विभिन्न क्षेत्रों में निम्नलिखित परियोजनाओं पर अनुसन्धान करने का विचार कर रहा है।

1 डिजाइन, सिविल तथा भवन : भूकम्पीय परिप्रेक्ष्य से एचएसआर सेतु डिजाइन का इष्टतमीकरण, प्रबलित मृदा (आरई) धारक भित्ति तथा आरई आधार का विकास एवं भारत में एक नये एचएसआर कॉरीडोर के चयन में एक वैज्ञानिक मॉडल का विकास।

2 **संकेतन तथा दूरसंचार : एचएसआर में आटोमेटिक यार्ड मूवमेंट (प्रचालन) के लिए एक एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर आधारित तन्त्र का विकास तथा एचएसआर के लिए ओसीसी तथा संकेतन के डिजाइन एवं क्रियान्वयन में स्वदेशी क्षमताओं का विकास।**

3 **विद्युत सम्बन्धी : विद्युत आपूर्ति प्रणाली तथा ओएचई की डिजाइन पुष्टिकरण हेतु स्वदेशी सिमुलेशन मॉडल का विकास।**

4 **रोलिंग स्टॉक : प्रशिक्षण के दौरान हाई स्पीड रोलिंग स्टॉक से सम्बद्ध दोष निवारण कौशलों को विकसित करने के लिए सिमुलेटर का विकास।**

5 **कुशल मानव संसाधनों का विकास : एचएसआर में सुरक्षा गतिविधियों हेतु संज्ञानात्मक क्षमताओं, कौशल को उन्नत करने के लिए प्रशिक्षण प्रारूप का निर्माण।**

ट्रस्ट की दूसरी परामर्शदात्री परिषद की बैठक भी आज आईआईटी गांधी नगर में आयोजित की गयी जिसमें रेलवे तकनीकी अनुसन्धान संस्थान (आरटीआरआई), जापान के अध्यक्ष डॉ. नोरीमिची कुमागाई, अन्तर्राष्ट्रीय प्रभाग, आरटीआरआई, जापान के उपमहानिदेशक श्री यसूशी उजिता, आरटीआरआई, जापान की प्रबन्धक डॉ. चिकारा यामाशिता, सेंटर फॉर स्पेटियल इन्फॉर्मेशन साइंस, यूनिवर्सिटी ऑफ टोकियो, जापान के विजिटिंग प्रोफेसर के.ई. सीताराम, आईआईटी गांधी नगर के कार्यवाहक निदेशक तथा प्रोफेसर (सिविल इंजीनियरिंग) अमित प्रशान्त, सिविल इंजीनियरिंग, आईआईटी कानपुर, आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर सुधीर जैन, सिविल इंजीनियरिंग, आईआईटी तिरुपति के निदेशक एवं प्रोफेसर के.एन. सत्यनारायण, एनएचएसआरसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों सहित एनएचएसआरसीएल के प्रबन्धक निदेशक श्री अचल खरे ने विभिन्न आईआईटी से प्राप्त परियोजना प्रस्तावों और भारत में एचएसआर निर्माण से सम्बद्ध लक्षित नवप्रवर्तन, स्वदेशी, कम लागत वाले समाधानों पर विचार किया।

सुषमा गौड़

प्रवक्ता/एनएचएसआरसीएल

***